श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली -११००१६

क्रमांक एफः-4 / ला.ब.शा.रा.सं.वि/2020-21/१-३९८१ दिनांक: 11/2/2022

सूचना

परीक्षा सम्बन्धित दिशा-निर्देश

शैक्षणिक सत्र 2021-2022 के शास्त्री एवं बी.ए योग (प्रथम सैमेस्टर), आचार्य, एम.ए. योग, एम.ए (हिन्दू अध्ययन) शिक्षाशास्त्री एवं शिक्षाचार्य (प्रथम सैमेस्टर) में अध्ययनरत छात्रों की आनलाइन (व्हाट्सप) माध्यम से परीक्षा आयोजित करने के संदर्भ में परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु दिशानिर्देश निम्न प्रकार से हैं-

1. विद्यापरिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार उपर्युक्त कक्षाओ में अध्यनरत छात्रों के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा उपर्युक्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत सभी छात्र/छात्राओं की सत्रीय परीक्षाएँ आनलाइन (व्हाट्सप) माध्यम से दिनांक 15.02.2022 से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रेषित परीक्षा समय-सारिणी के अनुसार आयोजित की जायेंगी।
2. अंशकालीन पाठ्यक्रम के षाण्मासिक वास्तुशास्त्र प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम, षाण्मासिक प्रमाणपत्रीय योग पाठ्यक्रम, षाण्मासिक पौरोहित्य प्रशिक्षण एवं प्रवेशिका, एकवर्षीय मेडिकल एस्ट्रोलॉजी डिप्लोमा, एकवर्षीय ज्योतिष प्राज्ञ डिप्लोमा, एकवर्षीय वास्तुशास्त्र डिप्लोमा, एकवर्षीय पौरोहित्य डिप्लोमा, द्विवर्षीय वास्तुशास्त्र पी.जी डिप्लोमा, द्विवर्षीय ज्योतिष भूषण एडवांस डिप्लोमा ,पी.जी योग डिप्लोमा के प्रथम सैमेस्टर के नियमित एवं पुनः परीक्षार्थियों की सत्रीय परीक्षाएँ आनलाइन (व्हाट्सप) माध्यम से दिनांक 23.02.2022 से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रेषित परीक्षा समय-सारिणी के अनुसार आयोजित की जायेंगी।
3. सभी परीक्षार्थियों द्वारा अपने विषयों की परीक्षा से पूर्व पैन, पैंसिल एवं लाइन वाले पृष्ठों (उत्तरपुस्तिका), मोबाइल फोन/लैपटाप/इंटरनेट आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। **लाइन वाले पृष्ठों (उत्तरपुस्तिका) की उचित मात्रा में व्यवस्था स्वयं करें** ताकि प्रश्नपत्र में दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखने में पृष्ठों की कमी न हो।
4. सभी परीक्षार्थियों को अपने पाठ्यक्रम के विषयानुसार प्रश्नपत्र परीक्षा प्रारम्भ होने से 10 मिनट पूर्व सम्बन्धित परीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों के मोबाइल नम्बर पर व्हाट्सप माध्यम (Whatsapp Number) से प्रेषित किया जायेगा। किन्हीं भी कारणों से यदि परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र प्राप्त नहीं हो पा रहा है, तो वह तुरन्त परीक्षक के मोबाइल पर सूचित करें।
5. सभी परीक्षार्थी व्हाट्सप माध्यम से प्राप्त प्रश्नपत्र का उत्तर अपनी उत्तरपुस्तिका (लाइन वाले पृष्ठों) पर लिखने से पूर्व उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर निम्नलिखित प्रारूप में सम्बन्धित सूचना का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

   - परीक्षार्थी का नामः...
   - अनुक्रमांकः..

➢ पिता का नामः...

➢ दूरभाष संख्याः...

➢ कक्षाः...

➢ विषयः...

➢ पत्र संख्याः ....

➢ परीक्षा की तिथि तथा समयः...................................

➢ परीक्षक का नामः...

6. सभी परीक्षार्थी अपने पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित विषयानुसार अपने प्रश्नपत्र व्हाट्सप द्वारा प्राप्त करने के पश्चात् उसमें दिये गये प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़े और समुचित उत्तर अपनी उत्तरपुस्तिका पर लिखें।

7. परीक्षा की समय-अवधि तीन घण्टे प्रातः 10:00 बजे से 01:00 बजे तक एवं सांय 2:00 सें 5:00 तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को निर्धारित समयावधि के उपरान्त अतिरिक्त 10 मिनट का समय दिया जाएगा जिसमें परीक्षार्थी अपनी हस्तलिखित उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर व्हाट्सप के माध्यम **से सम्बन्धित परीक्षक के व्हाट्सप नम्बर पर 10 मिनट के भीतर अपलोड करना अनिवार्य होगा। विलम्ब से प्राप्त होने वाली उत्तरपुस्तिका को स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।**

उपर्युक्त विवरण के अनुसार सम्बन्धित कक्षा की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की जानकारी हेतु परीक्षा समय-सारिणी, कक्षानुसार परीक्षार्थियों की सूची **विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सम्बन्धित परीक्षार्थियों से अनुरोध है कि वह अपनी सुविधानुसार सम्बन्धित समय-सारिणी का अवलोकन करने का कष्ट करें।**

संलग्नकः-

1. सम्बन्धित छात्रों की सूची
2. सहायता सूचना दूरभाष न. - 011/46060536-37

यह सूचना माननीय कुलपति महोदय की स्वीकृति से जारी की जा रही है।

उपकुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. समस्त संकायप्रमुख, विभागध्यक्षओं एवं संयोजक
2. निजी सचिव, कुलपति एवं कुलसचिव
3. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपर्युक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. शैक्षणिक विभाग
5. कार्यालय आदेश पंजिका
6. सम्बन्धित पंजिका

उपकुलसचिव (परीक्षा)